एक साथ झुके हजारों सिर, अमन की मांगी दुआ

गले मिल दी बधाई

नवभारत, सिवनी। माह रमजान के 30 रोजे मुकम्मल होने के बाद शनिवार को ईद-उल-फितर का त्यौहार अमन व शांति के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईद के लिए नौनिहाल, नौजवान व बुजुर्गो ने खुशी जाहिर करते हुए घर से ईदगाह का रूख किया। ईद की नमाज में एक साथ हजारों लोगों ने सिर झुकाकर सजदे किए। नमाज के बाद अमन व शांति की दुआ मांग कर एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद अमन व शांति की दुआ मांगी गई और आखिर में एक दुसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी गई। ईद के दिन शनिवार को जिला मुख्यालय के ज्यारत स्थित ईदगाह में शहर के काजी मौलाना अनीस अंसारी द्वारा ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ाई गई। वहीं नगर की बुधवारी बाजार स्थित ईदगाह मस्जिद, मस्जिद नूरअंबिया बस स्टैंड, मस्जिद गौसिया एकता कालोनी, मस्जिद फैजाने रजा गांधी वार्ड, सूफिया मस्जिद सूफी नगर, फैजगंज मस्जिद पिंजारी मोहल्ला के अलावा जनता नगर, बोरदई, हड्डी गोदाम की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। सुबह से ही ईद के लिए छोटे-छोटे बच्चें नमाज पढने के लिए घरों से निकल पड़े। इनके साथ नौजवान व बुजुर्ग भी ईद की नमाज अदा करने के लिए मस्जिद व ईदगाह पहुंचे। जिला मुख्यालय

सहित ग्रामीण अंचलों में भी मस्जिद व ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई। ईद के मौके पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर की मस्जिदों व ईदगाह क्षेत्र के अलावा मुस्लिम बाहुल्य क्षेंत्रों में विशेष रूप से साफ सफाई की गई थी। ईद के अवसर पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए।

मेले का उठाया लुत्फ

बच्चों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया। शहर के टिग्गा मोहल्ला में पानी टंकी के पास लगे मेले में झूले व अन्य चीजों का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचे।

बरघाट में हर्षोल्लास से मनाई गई ईद

बरघाट में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। बरघाट में ईद की नमाज अदा की गयी। मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह में पहुंचकर नमाज अदा की और एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। इस त्योहार के दिन लोगों ने अपने घरों में मीठे पकवान बनाए जिसमें खासतौर पर मीठी खीर, हलवा व सैवईयां बनाई गई।आसपास के गांवों में ईद-उल-फितर पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों व खासकर छोटे बच्चों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। बरघाट आसपास मस्जिद में बोरी, खारी, मलारा सहित कई गावों से पहुचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर खुदा की इबादत की और गले लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि रमजान के पाक महीने की समाप्ति पर मनाए जाने वाला ईद-उल-फितर खुशी का पर्व है। करूणा, त्याग, आपसी भाईचारे व अमन-चैन के लिए सभी बुराईयों से दूर रहने की नसीहत देने वाला खुशियों का यह त्योहार मानवीय मूल्यों के लिए समर्पण व सहनशीलता के प्रति हमारे विश्वास को मजबूत करके समाज में समरसता व परस्पर प्रेम की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगा। मस्जिद में मौजूद सभी लोगों से आह्वान किया कि दीन दुखियों, जरूरतमंदों व लाचार लोगों की उदार मन से मदद करने के लिए आगे आकर इस पवित्र पर्व की खुशियों को और बढ़ाए।

छपारा में बड़ी मस्जिद व ईदगाह में अदा की नमाज

छपारा पूरे देश के साथ-साथ छपारा क्षेत्र में भी ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ शनिवार को मनाया गया . छपारा नगर सहित ग्रामीण अंचलों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पवित्र महीने रमजान के समापन पर ईद की विशेष नमाज अदा की। सुबह से ही छपारा की बड़ी मस्जिद और ईदगाह में नमाजियों का तांता लगा रहा। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी नए लिबास पहनकर अल्लाह की बारगाह में सजदा करने पहुंचे और देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। इस खास मौके पर कौमी एकता की मिसाल भी देखने को मिली। ईद के इस मुबारक मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष निशा सुरेश पटेल उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह. पार्षद धर्मेंद्र जैन भी छपारा की बड़ी मस्जिद पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम भाइयों से मुलाकात की, उन्हें गले लगाकर ईद की बधाई दी और क्षेत्र में आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखे गए ताकि त्योहार शांतिपूर्ण छपारा क्षेत्र में ईद का त्यौहार मनाया गया।

हमारे मुल्क में अमनों अमन रहे ईद उल फितर में की दुआ

छपारा। हर साल की तरह इस साल भी ईद -उल -फितर का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया 21 मार्च को 9:30 बजे बड़ी जमा मस्जिद और ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर ईद उल फितर की नमाज अदा किया हाफिज जाकिर हुसैन रामपुरी साहब ने मुल्क के लोगों की कामयाबी के लिए ओर हिंदुस्तान में अमनों अमन की दुआ किया ईदगाह में अल्लामा मौलाना साकिर हुसैन अशरफी साहब और बड़ी जामा मस्जिद में हाफिज जाकिर हुसैन रामपुरी द्वारा ईद की नवाज पढ़ाई गई ईद उल फितर की नमाज में बड़ी संख्या में शहर छपारा और अतराफ के लोग उपस्थित हुए सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी इस अवसर पर नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह पार्षद धर्मेंद्र जैन सुरेश पटेल बड़ी जामा मस्जिद पहुंचे जहा सभी को ईद उल फितर की मुबारकबाद दिया इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारी और पुलिस विभाग सब इंस्पेक्टर पुलिसकर्मी पत्रिका के संवाददाता मुकेश शुक्लभक्त एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

सिहोरा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

विकासखंड लखनादौन के ग्राम सिहोरा में आज शनिवार, 21 मार्च 2026 को ईद-उल-फितर का पर्व पूरे अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। गाँव के ईदगाह प्रांगण में सुबह ठीक 9:00 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें सिहोरा सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों अकीदतमंदों ने शिरकत की।

नमाज के बाद दुआओं का दौर

नमाज संपन्न होने के बाद पेश इमाम साहब ने मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी। उन्होंने अपने संबोधन में सभी से मिलजुल कर रहने और मानवता की सेवा करने का संदेश दिया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा और खुशियों का इजहार किया।

गांव भर में गूंजी मुबारकबाद, घर-घर बांटी गई खुशियां

नमाज के बाद जश्न का सिलसिला पूरे गांव में फैल गया। मुस्लिम जमात के युवाओं और बुजुर्गों ने एकजुट होकर पूरे गांव का गश्त किया गया। इस दौरान हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। घर-घर जाकर लोगों ने लजीज सेवइयां और मिठाइयों का लुत्फ उठाया, जो गंगा-जमुनी तहजीब की एक जीवंत तस्वीर पेश कर रहा था।

इमाम को पेश किया गया नजराना

सालों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए, ईद की नमाज के बाद जमात की ओर से पेश इमाम साहब को 45,000 रुपये का नकद नजराना भेंट कर उनका सम्मान किया गया। उनके साथ मुअज्जिन साहब को भी सम्मान राशि प्रदान की गई

दिव्य शिक्षा आदर्श समिति गोपालगंज ने की हनुमान घाट की सफाई

नवभारत, सिवनी। मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान जल शक्ति से नव भक्ति के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान से संबद्ध संस्था दिव्य शिक्षाआदर्श समिति गोपालगंज द्वारा हनुमान घाट गोपालगंज की साफ सफाई की गई। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला सिवनी के समन्वयक सौरभ शुक्ला जी के नेतृत्व एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया के सानिध्य में ब्लॉक सिवनी के सेक्टर गोपालगंज में नवांकुर संस्था दिव्य शिक्षा आदर्श समिति ने जल शक्ति से नव भक्ति के तहत कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं बद्री सनोदिया ने स्वयं उपस्थित होकर हनुमान घाट की सफाई का क्रम चलाया। घाट में मौजूद विभिन्न प्रकार का प्रदूषण जैसे पॉलीथिन,प्लास्टिक की बोतल,फेंके गए कपड़े,माला,एवं उपस्थित कचरे को फावड़े एवं कुदाली की सहायता से इकट्ठा कर जलाया गया। हनुमान मंदिर परिसर के आसपास उपस्थित अनुपयोगी हरे घास को हशिया की सहायता से काटकर दूर फेंका गया साथ ही पेड़ पौधों की पत्तियों को झाड़ू की सहायता से इकट्ठा कर डिस्पोज किया गया। साफ-सफाई के बाद उपस्थित संस्था के वालंटियर्स को दिव्य शिक्षा आदर्श समिति के अध्यक्ष द्वारा जल संरक्षण पर सभी को शपथ दिलाई गई। आज के इस कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गोपालगंज के साथ साथ शहरी एवं ग्रामीण विकास संस्थान सिवनी का सहयोग सराहनीय रहा। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती माया भलावी,श्रीमती सोनी अवधिया,अंबिका साहू,पूजा राठौर ,विशाल अवधिया,श्रीमती द्रोपति साहू, बद्री सनोदिया ,गुलशन साहू,अनिकेत नागेश राजा चंद्रवंशी आदि का सहयोग रहा।

सिवनी में रसोई गैस के लिए हाहाकार, हफ्तों से बुकिंग पेंडिंग, चूल्हे बुझने की नौबत

नवभारत, सिवनी। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत देखी जा रही है। उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, लेकिन एजेंसियों से उन्हें सिर्फ 'स्टॉक खत्म' होने का आश्वासन मिल रहा है। लंबी कतारें: शहर की प्रमुख गैस एजेंसियों के बाहर सुबह 8 बजे से ही लोग खाली सिलेंडर लेकर लाइन में लग रहे हैं। बुकिंग का इंतज़ार: कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने 15 से 20 दिन पहले सिलेंडर बुक किया था, लेकिन अभी तक होम डिलीवरी तो दूर, गोदाम से भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। महिलाओं का आक्रोश: रसोई का बजट बिगड़ने और समय पर गैस न मिलने से गृहिणियों में भारी गुस्सा है। लोगों का आरोप है कि उन्हें मजबूरी में लकड़ी के चूल्हों या महंगे इंडक्शन का सहारा लेना पड़ रहा है।

प्रशासन की चुप्पी

हैरानी की बात यह है कि जिले में हफ्तों से जारी इस अव्यवस्था पर खाद्य विभाग या जिला प्रशासन ने अब तक कोई सख्त रुख नहीं अपनाया है। न तो सप्लाई चेन को दुरुस्त करने की कोशिश दिख रही है और न ही कालाबाजारी करने वालों पर कोई कार्रवाई हुई है।> 'हम सुबह से काम-धंधा छोड़कर लाइन में लगते हैं, दोपहर को बोला जाता है कि गाड़ी नहीं आई। हमारी परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है।' - एक स्थानीय पीड़ित उपभोक्ता सिवनी की जनता अब उग्र आंदोलन की राह पर है। यदि जल्द ही गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू नहीं किया गया, तो कलेक्ट्रेट घेराव जैसी स्थिति बन सकती है। अब देखना यह है कि प्रशासन कुंभकर्णी नींद से कब जागता है।

कालाबाजारी की आशंका

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि घरेलू गैस की किल्लत के बीच कमर्शियल उपयोग के लिए सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है। होटलों और ढाबों पर धड़ल्ले से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग देखा जा सकता है, जबकि आम आदमी एक अदद सिलेंडर के लिए घंटों लाइन में खड़ा है।

यज्ञ में समर्पित की हजारों आहुतियां, रामेश्वर धाम में सहस्त्र महायज्ञ का आयोजन

सिवनी/छिंदवाड़ा। पड़ोसी जिला छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू और साहू परिवार एवं श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति के द्वारा श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में 26 मार्च तक 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सहस्त्र चंडी महायज्ञ देवी दुर्गा चंडी को समर्पित एक अत्यंत दुर्लभ धार्मिक अनुष्ठान हैए जिसमें दुर्गा सप्तशती के हजारों पाठ किए जा रहे हैं। श्री रामेश्वरम धाम में दूरदराज से पधारे महंतों और 200 से अधिक पुजारियों के द्वारा 1008 कुंडीय वेदी पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चंडी होम, हवन के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन देवी दुर्गा को समर्पित हजारों आहुतियां दी जा रही है। मंदिर के पास ही वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है जिससे लोगो को कहि कोई

परेशानी नहीं हो रही है।

यज्ञ में गुजरात कोहना से पधारे महंत सीताराम बापू जी, ओमकारेश्वर से पधारे महंत मंगलदास त्यागी, आनंद धाम राजना से पधारे संत विवेकमहाराज और आचार्य पं. रूण शर्मा शास्त्री एवं 200 से अधिक पुजारियों के द्वारा 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ कराया जा रहा है। जिसमें 26 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से श्री शिव अभिषेक, दोपहर 1:30 बजे से देवी सहस्त्रार्चन एवं दोपहर 3 बजे से 1008 कुंडों में आहुतियां डाली जा रही है। श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति और साहू परिवार के द्वारा चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शुक्रवार को श्री रामेश्वरम धाम में बने यज्ञ स्थल पर पूजा अर्चना करने के लिए सागर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, विजया शेषराव यादव, खंडवा के पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा, चौरई पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, जुन्नारदेव पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती, जुन्नारदेव नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, वीरेद्र राय, कालीगोड़ी खंडवा से पंकज महाराज बैतूल के मधु वी राज सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण और हजारों की संख्या में श्रध्दालु व आमजन पहुंच हुए थे।

सरदार पटेल की चरण पादुका ओर प्रतीक चिन्ह लेकर रथ आ रहा

नवभारत, सिवनी। कुर्मी समाज के युवाओं में भारी उत्साह कुर्मी समाज के गौरव माने जाते है सरदार बल्लभ भाई पटेल सभी कुर्मी समाज के स्वजातीय बंधु से अपील रथ यात्रा का स्वागत करने पहुंचे ज्यादा से ज्यादा लोग आपको बता दे कि लौह पुरुष, सरदार बल्लभ भाई पटेल के प्रतीक चिन्हों को लेकर भारत भ्रमण पर *सरदार पटेल एकता यात्रा गुजरात से निकाली गई है। उपरोक्त रथ यात्रा में वल्लभभाई पटेल की स्मृतियां भी विराजमान है जिसमें ओरिजिनल 3 किलो सोने का स्तंभ जिसे रजवाड़े द्वारा उनको सम्मान में दिया गया था, जो रथ में बुलेट प्रूफ शीशे के अंदर रखा हुआ है ।

23 को आस्था के केन्द्र शुक्रवारी चौक में होगी श्रीराम दरबार की स्थापना

प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से संगीतमय महाआरती होगी रामभक्तों का विशेष आकर्षण

नवभारत, सिवनी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर 23 मार्च से 26 मार्च तक नगर के हृदय स्थल आस्था के केन्द्र शुक्रवारी चौक में श्रीराम दरबार की स्थापना कर प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से संगीतमय महाआरती एवं सुमधुर भजनों का आयोजन किया जाएगा।

ज्ञातव्य है कि पिछले सात-आठ वर्षों से लगातार नगर में श्रीराम जन्मोत्सव ने बड़ा और व्यापक रूप ले लिया है जहां रामभक्त युवाओं और सनातनियों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों को ध्वज पताकाओं सहित तोरण प्रवेश द्वार से सुसज्जित सजा कर नगर उत्सव के रूप में भव्यता के साथ मनाया जाता है। सिवनी के हृदय स्थल शुक्रवारी चौक में श्रीराम दरबार की स्थापना देश और प्रदेश में एक अनूठा उदाहरण है इस राम दरबार की स्थापना की परंपरा से प्रेरित होकर प्रदेश के अन्य नगरों में भी अब श्रीराम दरबार की स्थापना के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने लगे हैं। ज्ञातव्य है कि आमजन में धार्मिक जागरण एवं सकल सनातन समाज में एकजुटता लाने के उद्देश्य से कुछ वर्ष पूर्व नगर में श्रीराम दरबार की स्थापना का आयोजन आरम्भ किया गया था इस आयोजन दौरान हजारों जनमानस की उपस्थिति में भगवान श्रीराम की संगीतमय महाआरती इस कार्यक्रम का सबसे प्रमुख आकर्षण होती है जिसमें सुमधुर भक्तिमय भजन के अलावा सामूहिक राष्ट्रगान गाया जाता है इस दौरान संपूर्ण शुक्रवारी चौक का माहौल धार्मिक और राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत हो जाता है। इस कार्यक्रम में संतातन धर्म के हर वर्ग, हर उम्र और समाज के हजारों महिला पुरुष एवं युवा रामभक्त उपस्थित होकर सामूहिक आरती में हिस्सा लेते हैं। सामूहिक आरती के समापन पर स्वादिष्ट बूंदी का प्रसाद वितरण भी राम भक्तों के बीच बेहद लोकप्रिय है। इसी क्रम में श्री राम दरबार में प्रात: कालीन आरती प्रतिदिन सुबह 9 बजे आयोजित की जाती है। ज्ञातव्य हो कि आगामी 27 मार्च को रामनवमी के दिन सुबह 10 बजे से श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम के जन्म को लेकर भजन और अन्य धार्मिक गतिविधियां प्रारम्भ होंगी एवं दोपहर ठीक 12 बजे श्रीराम भगवान के जन्म के साथ आरती, मंगलगान एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा ।

अतिक्रमण | नहर का रखरखाव विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा, धरातल पर नहीं हो रहा कोई काम

अवैध अतिक्रमण की चपेट में रुमाल जलाशय की नहर

नवभारत, उगली। तिलवारा बाई तट नहर एरिकेशन विभाग के अंतर्गत रुमाल जलाशय जो उगली से 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है इस जलाशय का उपयोग रुमाल, कंचनवाड़ा, झित्तर्रा, मोहबर्रा, खामी, पोंडी, मलारी, खरपड़िया के कृषक रवि एवं खरीफ की फसल में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध होता है, बात की जाए इस जलाशय की नहर जो बहुत बड़े क्षेत्र को सिंचित करती है, अत: नहर के रखरखाव या मेंटेनेंस की बात की जाए तो धरातल पर हासलाई जीरो है, जगह-जगह से यह नहर की टूट फूट हो चुकी है,.... नहर के निकट फैला अतिक्रमण...बात की जाए उगली मुख्यालय की तो ग्राम पंचायत उगली के अंतर्गत जनपद पंचायत केवलारी के द्वारा इस नहर के निकट बस स्टैंड में जनपद का एक कांपलेक्स परिसर विगत 10-20 दशक पूर्व निर्माण किया जा चुका है, जिसका संचालन भी जनपद पंचायत केवलारी ही करती है,जिसको लेकर स्थानीय और कुछ बाहरी पूंजीपतियों के द्वारा जनपद परिसर के 1-2-3-4 कमरे रखकर सरकारी शुल्क जो जनपद में दी जाती है, उसके विपरीत किराया लेकर है, कमरे मनमाने किराये अनुसार देकर व्यवसाय किया जा रहा है,ऐसे व्यवसायी जिनके पास में परिसर के निकट खाली जगह नहर के समीप के हिस्से में भरन आदी कर अपने ठेले,टपरा व कुछ टीन सेड युक्त दुकानें लगाकर भी जीविका पार्जन किया जा रहा है, लेकिन इसके विपरीत उगली के कुछ पूंजी पतियों के द्वारा इस सरकारी संपत्ति को अपनी निजी संपत्ति समझी जा रहा है, कहीं पर निजी स्वार्थ के लिए वैकल्पिक पुलिया निर्माण या अपने वाहनों को खड़े करते हैं, जिसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है, सबसे जटिल समस्या साप्ताहिक बाजार दिन शनिवार के दिन अक्सर देखा जाता है, इन व्यापारियों के द्वारा अपने प्रतिष्ठान के सामने अपने वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है, जिससे अन्य व्यापारियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है. विगत शनिवार को दो व्यापारियों के बीच जमकर विवाद हुआ, अत: पुलिस प्रशाषन के द्वारा विवाद को शांत किया गया. कुछ व्यापारी जैसे अपने दुकान के कुछ कचरा नहर,नाली में डालते हैं, जिसकी वजह से भी नहर में गंदगी बनी रहती है,कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को रुमाल जलाशय के अंतर्गत नहर की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहिए, इनका कहना है-इस संदर्भ में गत दिवस एरीकेशन की ई- नाग सर से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि हमने संबंधित एस डी ओ को मेंटेनेंस के लिए कहा है, शीघ्र इस्टिमेट तैयार कर कार्यवाही की जाएगी.जबकी इस जीर्ण सीर्ण नहर का सीघ्र लाइनिंग सर्व रिपोर्ट सीघ्र करके बनायेंगे तो यह नहर भी सीमेंटीकरण के साथ पक्की हो जायेगी. मलारी से पोंडीं के बीच टूटी फूटी नहर के बारे में मलारी के एक किसान ने बताया की यहां कुछ जगह नहर को काट दिया गया है, अत: अभी मानसून का समय अविलंब है, समय रहते काम हो गया तो ठीक है, नहीं तो बरसात के बाद की काम होगा।

विधायक ने धार्मिक अनुष्ठान एवं सम्मान समारोह में की सहभागिता

नवभारत, सिवनी। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने धार्मिक अनुष्ठान एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम मे सहभागिता किया। आज भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन छिंदवाड़ा पहुंचे तथा रामेश्वरम धाम मे सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा आयोजित शतचंडी महायज्ञ मे सहभागिता किया। इस दौरान आपने मंदिर व यज्ञशाला मे विधि विधान से दर्शन-पूजन किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने नगर के बाहुबली होटल मे मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सिवनी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। जहां पर संघ पदाधिकारियों द्वारा आपश्री का अतिथि सत्कार किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों को परिचय पत्रों का वितरण कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी।

कार्यालय ग्राम पंचायत पां. छपारा, जनपद पंचायत केवलारी
बैठकी बाजार, नीलामी सूचना 21/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत पां. छपारा की ग्राम पांडिया छपारा में लगने वाली साप्ताहिक बैठकी बाजार की नीलामी मध्य प्रदेश पंचायत राज्य अधिनियम 1993 की धारा 58 के तहत बाजार की स्थापना विनियमन नियम 1994 एवं बाजार फीस संग्रहण की धारा 80 के अनुसार वर्ष 2026- 27 अर्थात 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए दिनांक 12 . 3 .26 दिन गुरुवार को आयोजित की गई, किंतु उक्त तिथि में नीलामी बोली कर्ता उपस्थित नहीं हुए एवं पुन: नीलामी दिनांक 16/3/2026 को को आयोजित नीलामी में केवल एक बोलीदार उपस्थित होने से नीलामी स्थगित की गई,अत: पुन: नीलामी दिनांक 23 . 3 .2026 दिन सोमवार को कार्यालय ग्राम पंचायत भवन पां . छपारा में समय दोपहर 1:30 बजे से किया जाना है, साप्ताहिक बाजार का नाम साप्ताहिक बैठकी बाजार,साइकिल स्टैंड एवं ग्रामीण मवेशी प्रतिदिन बैठकी बाजार दिन मंगलवार ग्राम पां .छपारा बाजार क्षेत्र सीमा के अंतर्गत निर्धारित निरखनामा वित्त वर्ष नीलामी दिनांक वर्ष 2026- 27, 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 . आफसेट वेल्य 618255 .00,सायकल स्टेंड आफसेट वेल्यू 35126 .00,ग्रामीण मवेशी आफसेट वेल्यू 1870 .00 रखी गई है।

टीप:- नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय में समय पर अथवा ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच — पुष्पा देशमुख
सचिव — विमल बांहेश्वर

कार्यालय ग्राम पंचायत आदेगांव जनपद पंचायत लखनादौन, जिला सिवनी
क्रं./ 435/ नि.सू. /2026. **क्रय सामग्री निविदा हेतु आमंत्रण सूचना** आदेगांव दिनांक :19/03/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आदेगांव में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री, सुधार सामग्री, लेखन सामग्री, प्रतिदिन किराये पर ली जाने वाली सामग्री, मद जैसे मनरेगा, विधायक निधि, सांसद निधि, परफार्मेंस ग्रांट, 5 वे वित्त आयोग 14 वे वित्त आयोग, 15 वां वित्त आयोग, आदिवासी बस्ती विकास योजना, जनभागीदारी योजना एवं अन्य मद से निर्माण सामग्री सीमेंट, ईंट, गिटटी 20, 40 एमएम, लोहा 8.10.12 एवं 16 एमएम, रेत, पेयजल सुधार उपकरण, प्रकाश व्यवस्था सुधार सामग्री, मुरम परिवहन, पानी टैंकर, ट्रैक्टर-ट्राली, मिक्सर मशीन, बाइबेट सेंटिंग, रोड रोलर, नाली सफाई, कचरा परिवहन एवं अन्य निक्षेप राशि के साथ भाव पत्र बंद लिफाफे में दिनांक 22/03/2026 दिन शनिवार कार्यालयीन समय से दिनांक 29/03/2026 दिन शुक्रवार के सायं 03 बजे तक ग्राम पंचायत द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदा मान्य नहीं होगी। भाव पत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी, नियम तथा शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय आदेगांव में कार्यालयीन दिवसों में देखी जा सकती है। प्राप्त निविदा को ग्राम पंचायत की आगामी बैठक में खोला जावेगा। निविदा की अन्य शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत आदेगांव में किया जावेगा।

सचिव — अमित कुमार चौकसे
सरपंच — सहजकुमारी उइके